आईआईएम में महाकुंभ केस प्रतियोगिता

छात्रों ने महाकुंभ की कमियों की पहचान कर बताया समाधान

रायपुर @ पत्रिका. आईआईएम के ई-सेल ने 'पिच परफेक्ट महाकुंभ केस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका उद्देश्य छात्रों में नवाचार, रणनीतिक सोच और उद्यमशीलता की समझ को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता का मुख्य विषय महाकुंभ के आयोजन में मौजूद संभावित कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए नवीन व्यावसायिक विचारों या प्रस्तावों को प्रस्तुत करना था, ताकि एक प्रभावी और उद्देश्यपूर्ण व्यावसायिक योजना तैयार की जा सके, जिसमें उसके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहला चरण ऑनलाइन था। जिसमें देशभर के आईआईटी, आईआईएम और अन्य संस्थानों के प्रबंधन छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने अपने व्यावसायिक विचारों को आरंभ से लेकर क्रियान्वयन तक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

दूसरे चरण का आयोजन आईआईएम रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के यंग माइंड्स क्लब, एनआईटी रायपुर, आईआईआईटी रायपुर के छात्रों ने भी चर्चा और विचार प्रस्तुत करने में भाग लिया।

Patrika, 18 March 2025, P. 01 (Zoom)